सोशल मीडिया पर आधार बनाकर ठगने वाला गिरफ्तार

श्रावस्ती। अब सोशल मीडिया पर आधार कार्ड बनवाने का लिंक भेज कर लोगों को ठगा जा रहा है। इसका खुलासा हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने करते हुए बिना लाइसेंस आधार बनाने वाले एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया।

आधार कार्ड बनवाने के लिए भले ही लोग मारे-मारे फिर रहे हो, लेकिन जालसाज कूटरचित तरीके से आधार बना रहे हैं। इसका खुलासा रविवार को हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने करते हुए कमला मोड़ चौराहे से बहराइच के नकही निवासी रकीबुद्दीन को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में रकीबुद्दीन ने बताया था कि उसे यह लिंक बहराइच के कैसरगंज के अलिहापुर निवासी फखरुद्दीन उर्फ नूर सामी ने दिया था।

नूर सामी को गिरंट पुलिस ने कैसरगंज कस्बा स्थित नूर सीएससी सेंटर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एक फिंगर मशीन, एक आइरिस, एक वेब कैमरा व पांच आधार कार्ड एनरोलमेंट रसीद बरामद की। थानाध्यक्ष हरदत्त नगर गिरंट सौरभ सिंह ने बताया कि नूर सामी के अनुसार फेसबुक आईडी किसकी थी, इसकी जानकारी नहीं है। (संवाद)

महिलाओं व बालिकाओं को न्याय दिलाना ही प्राथमिकता : ममता

- पुलिस लाइन के लवकुश सभागार में पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं की सुनीं समस्याएं
- जनसुनवाई में प्राप्त हुई 35 शिकायतें, अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के दिए निर्देश

जासं • श्रावस्ती: राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर जिला मुख्यालय भिनगा पहुंचीं। उन्होंने पुलिस लाइन स्थित लवकुश सभागार में दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना। श्रावस्ती व बलरामपुर जिलों को मिलाकर कुल 35 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सदस्य ने प्राप्त शिकायतों को तत्काल निस्तारित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने कहा कि समस्याओं से पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को त्वरित न्याय देने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। महिलाओं व बालिकाओं की समस्याओं को तत्काल निस्तारित कर न्याय दिलाना ही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस

पुलिस लाइन स्थित लवकुश सभागार में महिला की समस्या सुनतीं राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी (बाएं) • जागरण

जिले में अशिक्षा व बाल विवाह एक बड़ी समस्या है। इसे दूर करना होगा। उन्होंने डीएम से अपेक्षा की कि महिलाओं की ओर से की गई शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास व स्वयं सहायता समूह की योजनाओं का लाभ पात्र महिलाओं तक पहुंचाने को कहा। एडीएम एके वर्मा, एएसपी प्रवीण कुमार यादव, एसडीएम संजय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमरनाथ यति, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभिषेक उपाध्याय मौजूद रहे।

वृद्धजन का जाना हालचाल : राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने वन स्टाप सेंटर व महिला थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने महिलाओं के बेहतर रखरखाव के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। भिनगा नगर में संचालित वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजन को मिल रही सुविधाओं के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली। वृद्धजन से बातचीत कर उनका हालचाल जाना।